▼ ब्रीफ खबरें

## दो कारों में हुई सीधी टक्कर, तीन घायल

**गुमला।** प्रखंड मुख्यालय स्थित थाना चौक के समीप रांची सिमडेगा मुख्य पथ पर दो कारों के बीच हुई सीधी टक्कर में एक 8 वर्षीय बालक सहित तीन लोग घायल हो गए. जानकारी के अनुसार एक नैनो कार ने अनियंत्रित होकर सामने से आ रहे एक पिकअप से टकराते हुए एक स्विफ्ट कार को सीधी टक्कर मार दी. टक्कर इतनी जोरदार थीं कि नैनो कार और स्विफ्ट कार के परखच्चे उड़ गए वहीं नैनो कार में सवार कार चालक सेराज अली उम्र 40 वर्ष,पत्नी नूरी खातून उम्र 35 वर्ष व पुत्र साईद अली उम्र 8 वर्ष घायल हो गए.वहीं स्विफ्ट कार में सवार लोगों को हल्की चोट लगी हैं.

## जिला प्रशासन के सहयोग से आज पहुंचेगा अंशी का शव

**लातेहार।** सदर थाना क्षेत्र के पाण्डेपुरा पंचायत के ग्राम सालोडीह निवासी अंशी अगेरिया का पार्थिव शरीर गुरुवार को उसके गांव राज्य सरकार और जिला प्रशासन के सहयोग से पहुंच जाएगा. ज्ञात हो कि पिछले दिनों कर्नाटक के मैंगलोर में मृत्यु हो जाने की खबर मिली थी, जिसके बाद राज्य प्रवासी नियंत्रण कक्ष ने परिवार एवं मैंगलोर पुलिस से बात कर मामले का सत्यापन किया. इस मामले में कर्नाटक पुलिस ने इसे आत्महत्या का मामला बताया और मृतक के शव को लेने के लिए परिवार के सदस्यों को थाने में उपस्थित होने को कहा.

## बांस-बल्ली के सहारे ताना गया बिजली तार

**कांडी।** प्रखंड के शिवपुर पंचायत अंतर्गत अधौरा गांव स्थित गवर्नर रोड में हाई स्कूल गरदाहा से आश्रम मोड़ तक दर्जनों ऐसे बिजली उपभोक्ता हैं जो बांस बल्ली के सहारे बिजली कनेक्शन अपने घरों तक लेकर गए हैं. विभाग द्वारा उनके घरों तक बिजली पोल नही लगाया गया है. लाचार व मजबूर होकर पांच पांच सौ फीट दूर से बांस बल्ली गाड़कर अपने घरों तक बिजली कनेक्शन लाकर बिजली जलाने को मजबूर हैं. गांव के लाचार बिजली उपभोक्ता सीतेश कुमार गुप्ता, राज कुमार गुप्ता, उदय प्रजापति, राम राज चौधरी, बिगन माली आदि ने बताया कि हमलोगों के घरों तक बिजली पोल नही गाड़ा गया है.

## दो टेलरों की टक्कर में चालक घायल

**छतरपुर/पलामू।** एनएच 98 पर हाई स्कूल के समीप लगभग अहले सुबह 4 बजे दो टेलर आपस में टकरा गये. इस घटना में एक चालक गंभर रूप से घायल हुआ है. इस घटना में एक चालक के सर में गंभीर चोट लगी है. एक टेलर पर बालू लदा था जबकि दूसरे पर छरी लदा था. बहुत दिनों से सड़क पर पत्थर का डस्ट रखा हुआ है जिससे बड़ी वाहनों को आवागमन में काफी दिक्कत हो रही है. इसी डस्ट के कारण टेलरों में टक्कर हुई. घायल चालक के प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए डेहरी भेज दिया गया.

## भंडरा में युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**भंडरा/लोहरदगा।** भंडरा थाना क्षेत्र के बेदाल टंगरा टोली गांव निवासी प्रेम यादव के 19वर्षीय पुत्र सुनील यादव ने फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली. मौके पर भंडरा थाना प्रभारी अरविंद सिंह ने बताया भंडरा थाना कांड संख्या 9/2024 के तहत मामला दर्ज किया गया है और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया है. मामले को लेकर थाना प्रभारी ने बताया उसके परिजनों द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या करने की बात कही गई है. कहा कि युवक ने गले में कपड़ा लटका कर फांसी लगायी है.

### अबुआ आवास आवंटन में गड़बड़ी पर बोले अधिकारी


# दोषी कर्मी और झूठे लाभुकों पर होगी कार्रवाई

आशीष टैगोर। लातेहार

जिले के महुआडांड़ प्रखंड में अबुआ आवास आवंटन में बड़ी गड़बड़ी सामने आयी है. इसे लेकर क्षेत्र में असंतोष उभर रहा है. ग्रामीणों में रोष है. इससे पहले उपायुक्त के जनता दरबार में भी अबुआ आवास आवंटन में अनियमितिता की शिकायत आती रही है. आरोप तो यह भी है कि पैसों का लेनदेन कर जरूरतंदों का सूची से नाम काट कर संपन्न लोगों को जोड़ दिया जा रहा है.

यही कारण है कि अब अबुआ आवास आवंटन में अनियमितता की जांच करने की मांग जोर पकड़ने लगी है. शुभम संदेश से बातचीत करते हुए मनिका विधायक रामचंद्र सिंह ने भी कहा कि अबुआ आवास योजना सरकार की एक महत्वकांक्षी योजना है. जरूरतमदों को इस योजना का लाभ मिलना चाहिए. इस योजना का मुख्य उदेश्य गरीब और अन्य अर्हत्ता रखने वाले ग्रामीणों को रहने के लिए उनका अपना आशियाना की व्यवस्था करना है. अगर जरूरतमंद का हक मार कर किसी संपन्न लोगों को दिया गया तो इसकी जांच करायी जायेगी. जांच में दोषियों पर कार्रवाई करने की अनुशंसा की जायेगी.


मनिका विधायक रामचंद्र सिंह.


डीडीसी सुरजीत कुमार सिंह.

दोषियों को बख्शा नहीं जायेगा. उप विकास आयुक्त सुरजीत कुमार सिंह ने भी कहा कि अगर अबुआ आवास आवंटन में अनियमितता बरती गयी है तो इसकी जांच करायी जायेगी. जांच के बाद दोषी कर्मी और झूठी जानकारी देने वाले लाभुकों पर भी कार्रवाई की जायेगी. बता दें कि शुभम संदेश ने अपने 29 मई के अंक में महुआडांड़ में अबुआ आवास आवंटन में अनियमितता की खबर प्रमुखता से छापी है.

### जिले में अबुआ आवास के 60 हजार आवेदन प्राप्त हुए हैं

बीते दिसंबर माह में झारखंड सरकार द्वारा आपकी योजना, आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन जिले के सभी पंचायतों में किया गया था. इस कार्यक्रम में जिले में कुल 90 हजार आवेदन प्राप्त हुए थे. इनमें से 60 हजार आवेदन सिर्फ अबुआ आवास के लिए जमा किये गये थे.

### क्या है मामला

दरअसल जिला के महुआडांड़ में अबुआ आवास योजना आवंटन में प्रावधानों की अनदेखी करने का मामला सामने आया है. महिला सामाजिक कार्यकर्ता अफसाना खातून ने सूचना का अधिकार के तहत अबुआ आवास आवंटन की सूची मांगी थी. सूची मिलने के बाद आठ सदस्यीय सत्यापन टीम ने सूची में दर्ज कई लाभुकों के वास्तविक स्थिति का सत्यापन किया. इसमें कई चौकाने वाले तथ्य सामने आये. सत्यापन में पाया गया कि महुआडांड़, रामपुर व दीपाटोली पंचायतों के 13 परिवारों को अबुआ आवास योजना आवंटित किया गया है. कई ऐसे परिवारों को भी अबुआ आवास आवंटित किया गया है.

### इंटरनल परीक्षा में अव्यवस्था, कॉलेज का गेट तक नहीं खुला था

# जनता शिवरात्रि कॉलेज में छात्रों ने जमकर काटा बवाल

- छात्रों ने प्राचार्य कक्ष के सामने हंगामा किया
- परीक्षा को लेकर कोई भी तैयारी नहीं की गयी थी

संवाददाता। मेदिनीनगर

जनता शिवरात्रि कॉलेज में बुधवार को आयोजित इंटरनल परीक्षा में अव्यवस्था को लेकर छात्रों ने जमकर हंगामा किया. इस दौरान छात्रों के कक्षा के गेट का ताला तक तोड़ दिया. बाद में आक्रोशित छात्रों ने प्राचार्य कक्ष के बाहर जमकर हंगामा किया. घटना के बारें में मिली जानकारी के अनुसार जनता शिवरात्रि कॉलेज में माइनर विषय की इंटरनल परीक्षा आयोजित थी, जिसकी सूचना दो दिन पूर्व कालेज प्रशासन ने आनन फानन में दी गई थी.

बताया जा रहा है कि विश्वविद्यालय प्रशासन ने जब इंटरनल परीक्षा के अंकों की जानकारी मांगी तब प्राचार्य ने बैठक कर इंटर के शिक्षकों को इंटरनल लेने की ड्यूटी दी थी. जिसकी सूचना कल शाम चार बजे महाविद्यालय द्वारा शिक्षकों को दी गई. जब कॉलेज के विद्यार्थी बुधवार को सुबह आठ बजे परीक्षा देने पहुंचे तो कॉलेज का गेट बंद मिला. आजसू छात्र नेता अभिषेक राज ने मौके पर पहुंचकर प्राचार्य से बात की व मुख्य द्वार खुलवाया. अभिषेक राज ने बताया कि विद्यार्थी परीक्षा देने कॉलेज कैंपस में तो आ गए लेकिन वर्ग कक्षा का ताला बंद था बाद में सभी वर्ग का ताला तोड़कर बच्चों को प्रवेश दिया गया.


परीक्षा की तैयारी नहीं थी, गुस्साए छात्रों ने प्राचार्य के चैंबर में घुसकर हंगामा किया, सवालों की बौछार की.

### नौ बज तक परीक्षा शुरू नहीं हुई थी

परीक्षा को लेकर कोई भी तैयारी नहीं देखी गई ना तो सीटिंग व्यवस्था थी न ही कोई अन्य व्यवस्था. नौ बज गए थे फिर भी परीक्षा शुरू नहीं हुई थी. परीक्षार्थियों को जिन कमरे में बैठाया गया था वहां के पंखे खराब थे. इस भीषण गर्मी में भी किसी तरह बच्चे परीक्षा देने को परेशान दिखे. परीक्षार्थियों को बाहर से पानी खरीदकर पीना पड़ा. जब दूसरी पाली की इंटरनल परीक्षा शुरु हुई तो आधे से ज्यादा छात्रों को बैठने की जगह नहीं मिल पाई, जिसके आक्रोशित छात्रों ने प्राचार्य कक्ष के बाहर जमकर हंगामा किया.

### प्राचार्य शहर से बाहर, नहीं हुई कोई कार्रवाई

कालेज के प्राचार्य के शहर से बाहर होने के कारण परीक्षार्थियों की मांग पर कोई कार्रवाई नहीं हुई. वह परीक्षार्थियों ने परीक्षा का बहिष्कार करना भी शुरू कर दिया. उनका कहना था कि कॉलेज में न तो लेक्चर आते हैं और ना ही हम लोगों ने उन्हें देखा है. उन्होंने अभी तक हमें सिलेबस भी नहीं दिया है ऐसे में हम परीक्षा में क्या लिखेंगे. कॉलेज के अन्य कर्मियों के समझाने के बाद बच्चे परीक्षा लिखने को राजी हुए. आजसू के विश्वविद्यालय प्रभारी हिमांशु रंजन ने कहा कि शिक्षकों के मनमर्जी का खामियाजा छात्रों को भुगतना पड़ रहा है. मौके पर बिपिन, अंकित, कौशल, नयन, अलोक, पंकज, मुकेश आदि मौजूद थे.

## मझिआंव में पुलिस ने पांच पशु तस्कर दबोचे

**मझिआंव।** गुप्त सूचना के आधार पर थाना प्रभारी आकाश कुमार ने सशस्त्र बल जवानों के साथ थाना क्षेत्र के बोदरा गांव में आठ मवेशियों को बुच्चड खाना ले जाते पांच पशु तस्करों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है. गिरफ्तार आरोपियों में मझिआंव थाना क्षेत्र के चंदना गांव निवासी शेख मनौवर के 27 वर्षीय पुत्र शेख रोकसाद व 19 वर्षीय पुत्र शेख सोएब, बरडीहा थाना क्षेत्र के ललगडा गांव निवासी स्व. कईल यादव के 61 वर्षीय पुत्र हरि यादव व कोलहुवा गांव निवासी स्व. मणि यादव के 45 वर्षीय पुत्र जगन्नाथ यादव एवं कांडी थाना क्षेत्र के घोड़दाग गांव निवासी रूपी यादव के 30 वर्षीय पुत्र बटेश्वर यादव का नाम शामिल है. इस संबंध में थाना प्रभारी आकाश कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर आठ मवेशियों में दो गाय, दो बैल एवं चार बाछा के साथ पांच पशु तस्करों को गिरफ्तार कर लिया गया है.

## चाकूबाजी में एक युवक घायल, प्राथमिकी दर्ज

**गुमला।** गुमला के शहरी क्षेत्र सिसई रोड गांधी नगर मुहल्ला में बुधवार की सुबह सुजीत राम नामक व्यक्ति ने मुहल्ले के ही दुर्गा राम के पेट में चाकू मार दिया. चाकू मारने के बाद सुजीत राम भाग गया जबकि घायल दुर्गा राम को इलाज के लिए गुमला सदर अस्पताल पहुंचाया. जहां प्राथमिक उपचार के बाद डाक्टर ने रिम्स रेफर कर दिया. घायल दुर्गा के पेट में चाकू लगा है. चाकू बाजी के कारण को लेकर कोई भी व्यक्ति स्पष्ट जानकारी नहीं दे रहे हैं. मादक पदार्थ के खरीद बिक्री को लेकर दोनों के बीच विवाद हुआ. जिसमें सुजीत ने दुर्गा को चाकू मार दिया. दुर्गा राम के बयान पर गुमला थाना में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है.

न्यूज अपडेट

## सनातनियों का धर्म है गो रक्षा : डॉ शशिभूषण

**मेदिनीनगर।** पांकी प्रखंड अंतर्गत सोरठ के तुरियादोहार में पांच दिवसीय धेनु धरती, कृषि कल्याण वैदिक महायज्ञ का समापन 28 मई को हुआ. समापन मौके पर पांकी विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए. विधायक डॉ मेहता ने भंडारे कार्यक्रम की शुरुआत कराई. उन्होंने कहा कि सनातन धर्म में गौ रक्षा को भारत के सभी महापुरुषों ने श्रेष्ठ एवं सर्वोत्तम बताया है. गौ रक्षा एवं गौ पालन करना मनुष्य मात्र का कर्तव्य है.


प्रसाद वितरण करते विधायक शशि भूषण मेहता.

## ज्योति के प्रकाश से रौशन है हमारा परिवार: आनंद शंकर

**मेदिनीनगर।** ज्योति प्रकाश की पुण्यतिथि पर स्थानीय ज्योति प्रकाश महिला बीएड कॉलेज में कार्यक्रम का आयोजन किया गया. बीएड कॉलेज परिवार के सदस्य शहर के गणमान्य लोगों की उपस्थिति में आयोजित कार्यक्रम की शुरुआत ज्योति प्रकाश की पत्नी द्रौपदी देवी ने माल्यार्पण कर की. संस्था के अध्यक्ष एवं ज्योति प्रकाश के बड़े पुत्र आनंद शंकर ने पिता को याद करते हुए कहा कि वे सदैव समाज के लिए समर्पित रहे. मौके पर ज्ञान शंकर, अरुणा शंकर, आकर्ष आनंद, शिवानी आनंद आदि उपस्थित रहे.


ज्योति प्रकाश की पुण्यतिथि मनाते लोग.


## हुसैनाबाद के नए डाक निरीक्षक ने दिया योगदान

**हुसैनाबाद (पलामू )।** जपला मुख्य डाकघर में हुसैनाबाद के नये डाक निरीक्षक रंजन कुमार ने योगदान किया. नये डाक निरीक्षक श्री कुमार के आगमन पर सभी डाककर्मी व अभिकर्ताओं ने बुके देकर स्वागत किया. जिनमें मुख्य रूप से उप डाक पाल रंजीत राम, अरविन्द ओझा,रवि कुमार,अमित कुमार सिंह अधिदर्शक, पप्पू प्रसाद , रविकांत सिंह , सुधीर ठाकुर सभी डाककर्मी व अभिकर्ता उपस्थित थे .


बुके देकर स्वागत करते अभिकर्तागण.

## पेंशनरों का मोबाइल नंबर व आधार का अपडेट करें: प्रमोद दास

**लोहरदगा।** प्रभारी सामाजिक सुरक्षा सहायक निदेशक प्रमोद दास की अध्यक्षता में बुधवार को सभी प्रखण्ड व अंचल कार्यालयों के कम्प्यूर ऑपरेटरों के साथ आवश्यक बैठक समाहरणालय स्थित सभागार में आयोजित हुई. बैठक में सभी ऑपरेटरों को पेंशन धारकों का मोबाईल नंबर और आधार का अपडेशन जल्द से जल्द खाता के साथ किये जाने का निर्देश दिया गया, ताकि कार्य आसान हो सके.



बैठक को संबोधित करते सहायक निदेशक प्रमोद दास.

## मानस मंडली ने किया सुंदरकांड का सामूहिक पाठ

**गढ़वा।** मानस मंडली बिशनपुर इकाई गढ़वा के तत्वावधान में संगीत में श्री रामचरितमानस सुंदरकांड पाठ अखंड पाठ का आयोजन शहर के निमिया स्थान प्राचीन निवास स्थान मंदिर में किया गया. इस दौरान मानस मंडली के द्वारा श्री हनुमान जी के दरबार पर पुष्प माला अर्पित किया गया. तत्पश्चात शंख ध्वनि व आरती किया गया. मौके पर मंडली के सदस्यों ने कहा कि श्री रामचरितमानस पाठ सुंदरकांड पाठ करने से घर में सुख शांति की प्राप्ति होती है. विश्व का कल्याण होता है. सभी मनुष्य को प्रत्येक दिन श्री हनुमान चालीसा का पाठ करना चाहिए. मौके पर अरुण दुबे, आत्मा पांडेय, अमरेंद्र कुमार मिश्रा, सतीश धर दुबे, सियाराम पांडेय, अशोक पटवा, अरविंद तिवारी, राकेश रंजन चौबे, शत्रुघन कुमार, छोटेलाल तिवारी, कृष्ण कुमार चौबे, रमन केशरी, सुबोध प्रसाद, दिलीप श्रीवास्तव, रघुपति सिंह, सुमित गुप्ता, सोनू कुमार, दीपक कुमार बंटी आदि शामिल थे.

## कला अभिव्यक्ति का एक सशक्त माध्यम: ठाकुर

**लातेहार।** पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य प्रदीप कुमार ठाकुर ने कहा कि कला अभिव्यक्ति का एक सशक्त माध्यम है. उन्होने कहा कि कला के माध्यम से हम अपनी प्राचीन धरोहरों को विकसित कर सकते हैं. आज हम अपनी प्राचीन धरोहरों को खो रहे हैं. सामाजिक संरचना के आवश्यक तत्व विलुप्त होते जा रहे हैं कला के माध्यम से हम समाज को जोड़ सकते हैं. ठाकुर विद्यालय परिसर में आयोजित चार दिवसीय चित्रकाला (लोक कला) के समापन के मौके पर बोल रहे थे.


कार्यक्रम में शामिल छात्र व शिक्षक.

## तेज रफ्तार बाइक ने युवा व्यवसायी की ली जान

**गुमला।** गुमला के पुराना बस डीपो के समीप तेज रफ्तार बाइक की चपेट में आने से पालकोट के युवा व्यवसायी मो. इरफान मियां की दर्दनाक मौत हो गई. घटना बुधवार दिन के लगभग ग्यारह बजे के आस पास की है. जानकारी के अनुसार मृतक इरफान मियां जिसान नामक डीजे साउंड सिस्टम आपरेट करता था. साउंड सिस्टम ठीक कराने के लिए गुमला आया था. पुराना बस डीपो के समीप वह पैदल ही सड़क पार कर रहा था तभी तेज रफ्तार बाइक सवार युवक ने धक्का मार दिया. जिससे इरफान मियां की घटना स्थल पर ही मौत हो गई .


गुमला सदर अस्पताल के बाहर जुटी भीड़

## निगम बरसात के पूर्व सभी नाले की सफाई करायेः घुरा

**मेदिनीनगर।** राजद के प्रदेश महासचिव विश्वनाथ राम घुरा ने पलामु उपायुक्त व नगर निगम शासन को पत्र देकर बरसात से पूर्व शहर के नालों की सफाई की मांग की है. श्री घुरा ने कहा कि बरसात से पुर्व शहर के सभी छोटा, बड़ा नाली, नाला का सफाई नही होने पर नाला का पानी कचरा के साथ सड़क पर बहेगा. इसलिए कई वर्षों से बरसात के कारण कई घरों में पानी घुस जाता है यदि नाली से पानी का बहाव सही होगा तो लोग परेशानी से बचेंगे. शहर में कई शौचालय व मूत्रालय हैं जिनका लिंक नाले से है उसका पानी भी सड़क पर बहने से कई तरह की बीमारियां हो सकती हैं. उन्होंने कहा कि बरसात आने में अभी 20 दिन शेष हैं अगर यह कार्य समय रहते पूरा कर लिया जाता है तो बहुत हद तक समस्या का समाधान संभव है.

## राजनीतिक दल के अगुवा तक पहुंचे भोगता समाज की आवाज : मंगल


बैठक को संबोधित करते मंगल सिंह और मंच पर उपस्थित अन्य अतिथि.

संवाददाता। कोलेबिरा (सिमडेगा)

सिमडेगा जिला के कोलेबिरा में 41 वां दो दिवसीय वार्षिक भोगता महासभा बुधवार को संपन्न हो गया. भोगता समाज विकास संघ भंवर पहाड़ गढ़ द्वारा आयोजित भोगता महासभा के समापन कार्यक्रम में खरवार भोगता समाज विकास परिषद दक्षिण छोटानागपुर प्रमंडल के अध्यक्ष सह भाजपा किसान मोर्चा के नेता मंगल सिंह भोगता ने कहा कि अब भोगता समाज जागरूक होने लगा है. भोगता समाज को एसटी का दर्जा मिलना सामाजिक एकजुटता और आंदोलन का परिणाम है. उन्होंने कहा कि अजजा आरक्षित सीट से भोगता समाज की राजनीतिक भागीदारी सुनिश्चित हो. कार्यक्रम में अध्यक्ष घुंसी सिंह, धनेश्वर सिंह, दिलेश्वर सिंह, जय श्री देवी, हीरा देवी, फिरंगी नाथ सिंह, विश्वनाथ प्रधान, भारत प्रधान, सुदर्शन भोगता, रूपधर सिंह, जयराम सिंह, कृष्णा प्रधान, कमला देवी, निरंती देवी, पूर्णावंती देवी, सरस्वती देवी, सालनी देवी, सुचीता देवी आदि शामिल थे.

### पीडीजे ने विभिन्न विषयों को लेकर जिले के पदाधिकारियों संग की बैठक

# पोक्सो एक्ट के मामले में गवाहों की उपस्थिति सुनिश्चित हो:पीडीजे

संवाददाता। लोहरदगा

सिविल कोर्ट लोहरदगा के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अरविंद कुमार पांडेय की अध्यक्षता में बुधवार को पीडीजे कार्यालय कक्ष में विभिन्न विषयों को लेकर एक जिला स्तरीय बैठक की गई. जिसमें उपयुक्त डॉक्टर बाघमारे प्रसाद कृष्ण, पुलिस अधीक्षक हारीश बिन जमा, जिला जज प्रथम अखिलेश कुमार तिवारी, सीजीएम कृष्णकांत मिश्रा, डालसा सचिव राजेश कुमार, व्यवहार न्यायालय निबंधक अमित कुमार गुप्ता, सिविल सर्जन राजमोहन खलको, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के एग्जीक्यूटिव इंजीनियर, भवन निर्माण विभाग के एक्सियूटिव इंजीनियर, गवर्नमेंट प्लीडर, पब्लिक प्रॉसिक्यूटर, जिला समाज कल्याण बोर्ड के सदस्य, मंडल कारा के जेलर सहित अन्य लोग उपस्थित थे.


बैठक में शामिल उपायुक्त, आरक्षी अधीक्षक सहित अन्य अधिकारी.

जिला स्तरीय अनुश्रवण समिति, विक्टिम कंपनसेशन कमेटी, तथा माननीय उच्च न्यायालय द्वारा दिए गए विभिन्न दिशा निर्देशों के आलोक में इस मीटिंग को आहुत किया गया था. इस मीटिंग में पोक्सो मुकदमा सहित अन्य मुकदमे में गवाहों को खासकर डॉक्टर एवं अनुसंधानकर्ता की अविलंब उपस्थिति को लेकर चर्चा की गई. पीड़ित प्रतिकर के रूप में एक पीड़िता को पीड़ित प्रतिकर कमेटी के द्वारा 7 लाख रुपए का मुआवजा आवंटित करने का निर्णय लिया गया.

उफ ये गर्मी

### मेदिनीनगर में आज का दिन रहा सबसे गर्म, 28 मई को तापमान था 47.5 डिग्री

# बरकरार रहा भगवान सूर्य का रौद्ररूप, पारा पहुंचा 47.8 डिग्री

संवाददाता। मेदिनीनगर

इस वर्ष मई महीने में ही गर्मी की तेज तपिश महसूस की जा रही है. माह के अंतिम सप्ताह में तो भगवान सूर्य ने और भी रौद्ररूप दिखाना शुरू कर दिया है. अधिकतम पारा 40 पार, जबकि न्यूनतम पर 30 डिग्री सेल्सियस के आसपास टिका हुआ है. 29 मई को भी भगवान सूर्य का रौद्र रूप बरकरार रहा. अधिकतम पारा 47.8 डिग्री सेल्सियस व न्यूनतम पारा 30.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया. वहीं शाम की आद्रता 21 प्रतिशत व सुबह की आद्रता 33 प्रतिशत रही. गर्मी का आलम यह रहा कि तेज धूप होने के कारण सुबह से ही सड़कें लगभग सूनी दिखी. 28 मई को सबसे गर्म दिन होने का खौफ भी जनजीवन पर दिखा. अधिकांश लोग तौलिया से सिर ढके नजर आए. वही रास्ते में कई जगह दो पहिया चार पहिया हुआ राहगीर पेड़ की छांव में आराम करते दिखे. मौसम का असर बाजार पर भी देखा गया. बाजार में चहल-पहल कम दिखी. इन दिनों बिजली की आंखमिचौली भी जारी है. वहीं गर्मी के कारण पेयजलापूर्ति पर भी असर पड़ा है.




**गर्मी के कारण रात भर परेशान रहे लोग :** मेदिनीनगर शहर में तेज गर्मी का असर दो दिनों से जनजीवन पर भी देखा जा रहा है. 28 मई को तेज गर्मी का प्रकोप देर रात तक जारी रहा. गर्म हवा चलने के कारण लोग परेशान दिखे. वहीं बिजली की आंख मिचौली भी जारी रही. गर्मी के कारण अधिकांश लोग सड़कों पर टहलते देखे गए. कई लोगों ने बताया कि इस गर्मी में पंखा व कूलर भी नकारा साबित हो रहा है.

### भीषण गर्मी से सैकड़ों चमगादड़ों की मौत

**कांडी।** प्रखंड क्षेत्र के सुंडीपुर और कसनप गांव में दो सौ से अधिक चमगादड़ों की मौत हो गई. आशंका जताई जा रही है की भीषण गर्मी की वजह से सभी चमगादड़ों की मौत हुई है. ग्रामीणों के मुताबिक दोनों गांव में चमगादड़ विशालकाय पीपल के पेड़ पर रहते थे और सभी पेड़ सोन नदी के तटीय इलाके में है. सोन तटीय एवं कोयल नदी के किनारे स्थित होने और बालू गर्म होने के कारण क्षेत्र में अधिक तापमान बताया जा रहा है. बुधवार के दिन जब स्थानीय ग्रामीण इलाके में गए तो देखा कि कुछ चमगादड़ मर चुके थे और वह पेड़ से नीचे गिरे हुए थे. कुछ देर बाद अचानक पेड़ से चमगादड़ों के शव नीचे गिरने लगे. चमगादड़ों की मौत के बाद ग्रामीणों में दहशत का माहौल बन चुका है. बताते चलें कि इस क्षेत्र में भी कई दशकों के बाद पलामू प्रमंडल में रिकॉर्ड तापमान के आंकड़े दर्ज किए गए हैं.

# अभाग्राप ने उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन

संवाददाता। लातेहार

अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत, झारखंड प्रांत ने भारत सरकार के उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय के मंत्री को संबोधित एक ज्ञापन उपायुक्त गरिमा सिंह को सौंपा है.

संस्था के प्रतिनिधि डॉ चंदन कुमार सिंह, अभय कुमार व मिलन शुक्ला ने ज्ञापन में कहा कि अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत एक स्वयंसेवी संगठन है और 1974 से ग्राहक जागरूकता और ग्राहक समस्या के लिए काम कर रहा है. ज्ञापन में आगे कहा गया है कि संगठन अधिकतम खुदरा मूल्य (एमआरपी) को ले कर सरकार, समायज व सोशल मीडिया में काम कर रही है. भारत सरकार ने 1990 में खुदरा बिक्री के लिए रखे जाने वाले उत्पाद की पैकिंग पर कानूनी मैट्रोलॉजी कानून के तहत एमआरपी की छपाई अनिवार्य कर दी, जिससे उत्पाद को एमआरपी से अधिक मूल्य पर बेचना अपराध की श्रेणी में लाया गया. सरकार का यह पहल सराहनीय है. लेकिन कानून में यह नहीं कहा गया कि एमआरपी कैसे तय की जायेगी.


डीसी को ज्ञापन सौंपते अभाग्राप के सदस्य डॉ चंदन सिंह,अभय व मिलन.

वर्तमान में निर्माता यह अनुमान नहीं लगाता कि उसके उत्पाद के लिए उचित एमआरपी क्या होगी. एमआरपी अपारदर्शी है. कई ऐसे उदाहरण मिलते हैं जहां उपभोक्ता ऐसी कीमत चुकाता है जो उत्पाद की योग्यता या उत्पाद में सन्निहित मूल्यवर्धन से असंबंधित होती है.

### ब्रीफ खबरें

## जंगल व पेड़-पौधों को बचाना होगाः ललन उरांव

**चक्रधरपुर।** विश्व पर्यावरण दिवस को लेकर वन विभाग की ओर से जगह-जगह जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है. इसे लेकर सोंगरा वन प्रक्षेत्र के तत्वावधान में बुधवार को चक्रधरपुर के वन विश्रामागार में पौधरोपण किया गया. जहां छायादार पौधा लगाकर लोगों को पेड़-पौधों का महत्व बताते हुए जागरुक किया गया. इस मौके पर मुख्य रुप से मौजूद सोंगरा वन प्रक्षेत्र पदाधिकारी ललन उरांव ने कहा कि बिगड़ते पर्यावरण को बचाने के लिए हमें जंगल व पेड़-पौधों को बचाना होगा. उन्होंने कहा कि बेहतर पर्यावरण में ही सुखद जीवन प्राप्त कर सकते हैं.

## युवती से दुष्कर्म के आरोप में दो धराये

**धुरकी।** युवती से जबरन दुष्कर्म के आरोप में पुलिस ने दो युवकों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया. मामला धुरकी थाना क्षेत्र का है. इस संबंध में जानकारी देते हुए थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार ने बताया कि पीड़िता के पिता के लिखित आवेदन के आधार पर कार्रवाईकी गई है. आरोपीअंशु कुमार व अंगद गुप्ता को पुलिस ने 48 घंटे के अंदर मिर्जापुर (उत्तर प्रदेश) पुलिस के सहयोग से गिरफ्तार कर लिया है. वहीं युवती को सकुशल बरामद कर परिजनों को सौंप दिया गया.

## सैतवा वन क्षेत्र के अंतर्गत कार्यक्रम का आयोजन

**चाईबासा।** विश्व पर्यावरण दिवस 2024 के श्रृंखला वार कार्यक्रम के तहत बुधवार को कोल्हान वन प्रमंडल के वन प्रमंडल पदाधिकारी के निर्देशानुसार सैतवा वन क्षेत्र के अंतर्गत कार्यक्रम का आयोजन किया गया. गुलकेरा गांव में लोगों को जंगल के अवैध गतिविधि जैसे पातन, शिकार, अतिक्रमण, जंगल की आग रोकथाम के संबंध में जानकारी दिया गया. उससे होने वाले लाभ और उसकी जरुरतों को समझाया गया. पर्यावरण को बचाए रखने के लिए प्रेरित किया गया. अंत मे शपथ दिलाकर पर्यावरण को बचाने का संकल्प लिया.

## ढोंढा बांध में डूबने से दो बच्चों की हुई मौत

**सेन्हा-लोहरदगा।** उगरा मेढ़ो सीमावर्ती क्षेत्र स्थित प्राकृतिक ढोंढा में निर्मित कच्चा बांध में नहाने के दौरान डूबने से दो बच्चों की मौत हो गयी है. डूबने की सूचना पर प्रखंड प्रशासन व पुलिस प्रशासन घटना स्थल पहुंच घटना का लिया जायजा.
लोहरदगा के सेन्हा थाना क्षेत्र के उगरा मेढो सीमावर्ती क्षेत्र के मेढो स्कूल से पश्चिम में प्राकृतिक ढोंढा में निर्मित कच्चा बांध में नहाने के दौरान डबने से दोनों बच्चों की मौत हो गयी. बताया जाता है कि दोनों बच्चे मवेशी चराने आये थे. जहां और भी छोटे छोटे बच्चे उपस्थित थे.

## हैकर ने मिनटों में उड़ा लिए अकाउंट से पचास हजार

**चंदवा (लातेहार)।** थाना क्षेत्र में ऑनलाइन फ्रॉड का एक मामला प्रकाश में आया है. दरअसल चंदवा थाना क्षेत्र के जमीरा गांव के संदीप उरांव पिता लेदु उरांव के मोबाइल फोन पर एक पीडीएफ मैसेज आया था. उसे देखने के लिए उसने मोबाइल के स्क्रीन पर टच किया, पीडीएफ नहीं खुला और स्क्रीन पर गोल आकृति बन घूमती रही. उसने बताया कि इसी बीच उसके फोन पर बैंक खाता से पचास हजार रुपए के निकासी कर लिए जाने का कई मैसेज थोड़ी-थोड़ी देर में आते रहा. उसने घटना की सूचना अपने यूनियन बैंक के प्रबंधक को दिया है.

### सेल प्रबंधन ने मेडिकल रेफरल के लिए मेडरेफ मोबाइल एप्लिकेशन शुरू किया है

# सभी सेलकर्मियों को मिलनी चाहिए सुविधा : अफताब

**संवाददाता । किरीबुरु**


मजदूर संघ महासचिव, अफताब आलम

**मेडिकल रेफरल**
- उपचार के क्षेत्र में सेल परिवार के लिए उपयोगी है
- सेल ईकाई के कर्मचारी उचित उपचार नहीं ले पाते हैं

सेल प्रबंधन मेडिकल रेफरल के लिए मेडरेफ मोबाइल एप्लिकेशन की शुरुआत की है. यह सराहनीय कदम है. यह सुविधा सेल के खदानों में कार्यरत सभी कर्मचारियों और उनके आश्रितों को दिया जाना चाहिये.

यह मांग झारखंड मजदूर संघर्ष संघ, मेघाहातुबुरु के महासचिव अफताब आलम ने पत्र के माध्यम से प्रधानमंत्री कार्यालय, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री, सेल के अध्यक्ष, सेल, बीएसएल के प्रभारी निदेशक, निदेशक (प्रशासनिक, जेजीओएम, सेल), कार्यपालक निदेशक एवं सीजीएम मेघाहातुबुरु से की है. आफताब आलम ने सेल प्रबंधन को भेजे पत्र में कहा कि हमारा संघ सीएंडआईटी, सेल कॉरपोरेट कार्यालय को धन्यवाद देता है, जो मोबाइल एप्लिकेशन के माध्यम से मेडिकल रेफरल के लिए मेडरेफ की शुरुआत कर रहा है. यह उपचार के क्षेत्र में सेल परिवार के लिए बहुत उपयोगी है. इसका उपयोग अब केवल कॉरपोरेट कार्यालय में सेल के ऑन रोल कर्मचारियों द्वारा किया जाता है. हमारा संघ अनुरोध करता है और मांग करता है कि इसे पूरे सेल इकाई में शुरू किया जाना चाहिए. जहां डॉक्टरों की कमी है और सेल इकाई के कर्मचारी अपने क्षेत्रों में उचित उपचार नहीं ले पाते हैं, खासकर खदान क्षेत्र में.

उन्होंने कहा कि चिकित्सा उपचार कवरेज को पूरा करने के लिए, यह सेल के प्रशिक्षुओं सहित सभी नियमित कर्मचारियों (कार्यकारी गैर-कार्यकारी) के लिए परिपत्र संख्या पीईआर/आईटीबी और मेड/एमएटीआर/2023 दिनांक 23 मार्च 2023 के अनुसार उपस्थिति और उपचार नियम के माध्यम से लागू है. यह सेल के कर्मचारियों को स्वयं और परिवार के अलावा कर्मचारियों की तैनाती के स्थान से दूर अध्ययन कर रहे आश्रित बच्चों के लिए भी मुफ्त चिकित्सा उपचार का अधिकार देता है. चिकित्सा उपस्थिति और उपचार नियम के खंड 4.1.1 के तहत कंपनी के अस्पताल या सूचीबद्ध अस्पताल के बाहर उपचार भी पूरा हो जाएगा और सेल के कर्मचारी (कार्यकारी और गैर-कार्यकारी दोनों) इस मेडरेफ मोबाइल एप द्वारा बेहतर उपचार प्राप्त करेंगे. सेल के शहरी और कस्बाई इलाकों में काम करने वाले कर्मचारियों को खदानों की तुलना में बेहतर इलाज और अस्पताल की सुविधा मिल रही है, क्योंकि शहर और कस्बाई इलाकों में कई बेहतरीन मेडिकल कॉलेज और अस्पताल (सरकारी और निजी दोनों) हैं. हालांकि सेल अस्पताल को रेफरल के लिए पहली प्राथमिकता दी जानी चाहिए, लेकिन समय पर नहीं मिल पाता है.

# मागुरदा गांव में गहराया जलसंकट, ग्रामीण परेशान

**संवाददाता । चक्रधरपुर**

भीषण गर्मी में चक्रधरपुर प्रखंड की हतनातोड़ांग पंचायत के मागुरदा गांव में स्थानीय ग्रामीण पानी की समस्या से जूझ रहे हैं. समस्या को लेकर विभाग के प्रति ग्रामीणों में व्याप्त नाराजगी है. गांव में लगा सोलर जलमीनार व चापाकल पिछले चार महीने से खराब है.

जिसे लेकर पीने के पानी के लिए लोगों को लंबी दूरी तय कर दूसरे गांव में जाना पड़ता है. स्थानीय ग्रामीणों इसकी जानकारी पीपुल्स वेल्फेयर एसोसिएशन के सचिव डॉ. विजय सिंह गागराई को दी. सूचना मिलने पर समाजसेवी गागराई गांव पहुंचे और पानी की समस्या से अवगत हुये. ग्रामीणों ने बताया कि भीषण गर्मी में गांव के तालाब व नाला पूरी तरह सूख चुका है. वहीं पीने के साफ पानी के लिए स्थानीय ग्रामीणों को मशक्कत करना पड़ रहा है. गांव के सुरेन्द्र बोदरा के घर के समीप लगा चापाकल व सोलर जलमीनार खराब पड़ा है. स्थानीय पंचायत प्रतिनिधि भी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं. वहीं विभाग भी इस ओर मौन है. इस कारण ग्रामीण परेशान है. गागराई ने कहा कि जल्द से जल्द खराब पड़े चापाकल व सोलर जलमीनार को ठीक कराया जाएगा, ताकि पानी के लिए ग्रामीणों को भटकना न पड़े. इसके बाद गागराई गांव के मुंडा व ग्रामीणों के हस्ताक्षरयुक्त पत्र लेकर सीधे चक्रधरपुर के पेयजल विभाग कार्यालय पहुंचे. जहां पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के कार्यपालक अभियंता प्रभु दयाल मुंडा से मिलकर सारी बातें बताईं.

### यह सवाल सबकी जिंदगी से जुड़ा है, जवाब किसी के पास नहीं है

# सेल की किरीबुरु-मेघाहातुबुरु खदान क्या बंद होनेवाली है!

**संवाददाता । किरीबुरु**


सेल की मेघाहातुबुरु खदान.

**लीज मामला**
- सेलकर्मियों को क्या दूसरी खदानों में स्थानान्तरित किया जाएगा
- साउथ एवं सेंट्रल ब्लॉक का लीज फारेस्ट क्लियरेंस नहीं हो सका

महारत्न कंपनी का ताज पहने सेल की किरीबुरु-मेघाहातुबुरु खदान बंद होने वाली है! इस खदान के सेलकर्मियों को क्या दूसरे खदानों में स्थानान्तरित किया जायेगा! या दोनों खदानों में काम करने वाले लगभग डेढ़-दो हजार ठेका मजदूर बेरोजगार हो जायेंगे! ऐसी तमाम सवालें किरीबुरु-मेघाहातुबुरु एवं आसपास के लोगों के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है. यह सवाल सबकी जिंदगी से जुड़ा है. जबाब किसी के पास नहीं है. लोगों को नहीं मिल पा रहा है.

उल्लेखनीय है कि सेल के किरीबुरु-मेघाहातुबुरु की साउथ एवं सेंट्रल ब्लॉक का लीज से संबंधित फारेस्ट क्लियरेंस को अब तक स्वीकृत नहीं मिला है. इस कारण दोनों खदानों का अस्तित्व खतरे में पड़ा हुआ है. अब खबर आयी है कि मेघाहातुबुरु खदान में खनन हेतु लौह अयस्क बचा ही नहीं है.

खदान के विभिन्न हिस्सों से लो ग्रेड का अयस्क उठाकर काफी कम मात्रा में सेल की स्टील प्लांटों में भेजा जा रहा है. यही हाल सेल की किरीबुरु खदान का भी है. हालांकि किरीबुरु खादान में अभी कुछ सालों के लिए लौह अयस्क बचा हुआ है, लेकिन इससे अधिक दिन काम चलना मुश्किल है.

### दोनों खदानों के लीज का मामला एक दशक से लटका है

दोनों खदानों का लीज का मामला करीब आठ-दस सालों से लटका हुआ है. इसकी वजह वन्यजीव संरक्षण प्लान से जुड़ी योजना है. प्लान सारंडा जंगल में निवास करने वाले वन्यप्राणियों की सुरक्षा व संरक्षण से संबंधित है. सेल की मेघाहातुबुरु माइंस से जुड़े आधिकारिक सूत्इर ने बताया कि इस खदान का वार्षिक उत्पादन लक्ष्य चार मिलियन टन से घटाकर 2.5 मिलिनयन टन कर दिया गया है. यहां काम अधिक नहीं होने की वजह से मेघाहातुबुरु खदान से 100-100 टन क्षमता का दो हौलपैक डंपर को किरीबुरु खदान में भेजा जा रहा है. दूसरी तरफ सेल की मनोहरपुर लौह अयस्क खदान (चिड़िया खदान) जहां लौह अयस्क का भंडार सबसे अधिक है का अस्तित्व भी खतरे में है. इस खदान के विस्तारीकरण की स्वीकृति नहीं मिलने अर्थात यह खदान भी बंद होने के कगार पर है.

### मेघाहातुबुरु खदान की स्थिति दुर्भाग्यपूर्णः संघ

हमने मजदूरों के संगठनों से बात की. झारखंड मजदूर संघर्ष संघ के महासचिव अफताब आलम एवं एटक, मेघाहातुबुरु के सचिव गुंजन कुमार ने कहा कि मेघाहातुबुरु खदान की स्थिति दुर्भाग्यपूर्ण है. इसके लिये झारखंड व केन्द्र सरकार जिम्मेदार है. कहा कि सेल को खत्म कर प्राईवेट को देने की गहरी साजिश चल रही है. हमारे सांसद व विधायक इस मामले में गंभीर नहीं हैं. तमाम जनप्रतिनिधिओं व सारंडा के ग्रामीणों को संयुक्त रुप से आगे आकर सेल की तमाम खदानों का लीज संबंधित मामले का समाधान हेतु लड़ाई लड़ने की जरूरत है. ऐसे लोग सिर्फ खदान में नौकरी की मांग के लिए लड़ाई लड़ते हैं.

### दो हजार ठेका मजदूरों के सामने अब संकट

इन सबके बीच असल सवाल सेल की किरीबुरु-मेघाहातुबुरु खदान में काम करने वाले करीब दो हजार ठेका मजदूरों की जिंदगी का है. वहां चिड़ियां खादाना में 400-500 ठेका मजदूर काम करते हैं. सभी ठेका मजदूर सारंडा जंगल के गांवों के ही हैं. अगर यह खदान बंद हुई तो इन मजदूरों व उनके परिवार के सदस्यों का क्या होगा. इन मजदूरों को होने वाले आय की वजह से स्थानीय बाजार चलते हैं, उनका क्या होगा. लोगों के सामने भूखमरी की समस्या पैदा होने लगेगी. शहर व गांवों से पलायन शुरु होगा. जब पैसा खर्च करने वाले नहीं होंगे तो सारंडा के किसानों व ग्रामीणों का कृषि व वनोत्पाद को हाट-बाजार में कौन खरीदेगा. सारंडा के मरीजों का मुफ्त चिकित्सा सुविधा सेल की किरीबुरु-मेघाहातुबुरु, गुआ, चिड़िया खदानें उपलब्ध कराती है.

### टाटा कॉलेज एल्यूमिनी एसोसिएशन की हुई बैठक

# सभी कॉलेजों के शैक्षणिक सत्र में हो सुधारः डॉ. रणजीत प्रसाद

**संवाददाता । चाईबासा**



बैठक के बाद पूर्ववर्ती छात्र-छात्राओं ने फोटो सेशन कराया.

टाटा कॉलेज चाईबासा के पूर्ववर्ती छात्र संघ ने बुधवार को एल्यूमिनी एसोसिएशन कार्यालय में बैठक की. बैठक में महाविद्यालय के शैक्षिक समस्याओं से संबंधित 18 से 19 बिंदुओं पर गहन परिचर्चा हुई. मासिक बैठक में एल्यूमिनी एसोसिएशन के सात शासी निकाय सदस्य एवं सक्रिय सदस्य उपस्थित थे.

कोल्हान विश्वविद्यालय के सिंडिकेट मेंबर डॉ. रणजीत प्रसाद की अध्यक्षता में यह बैठक संपन्न हुई. जिसमें कमान्डेन्ट पीके जारिका, अधिवक्ता एमकेआरपी जोंको, बाल किशोर बिरसा सिंकु, चैतन्य कुंकल, मानकी राय कुंकल शामिल हुए. इस दौरान शिक्षा में गुणवत्ता को लेकर गहन विचार विमर्श हुआ. सभी कॉलेजों का शैक्षणिक सत्र लगभग एक साल देरी से चल रहा, इस पर सुधार किया जाने का निर्णय लिया गया. कक्षा के व्याख्यान पाठ्यक्रम के अनुसार पूरे नहीं किए जाते हैं और स्व-अध्ययन के आधार पर परीक्षाएं आयोजित की जाती हैं, जो छात्रों के लिए एक स्वस्थ अभ्यास नहीं है. कॉलेज की लाइब्रेरी में छात्रों की संख्या के हिसाब से किताबों की कमी को दूर किया जाये. मौके पर आजीवन सक्रिय सदस्य मनजीत बोयपाई, शीतल ज्योत्सना पूर्ति, प्रियंका पिंगुवा, जनकी सिंकु, तुराम बिरुवा, महोमी रॉय व रघुनाथ वीर बिरुवा मौजूद थे.

बैठक में कई मुद्दों को उठाया गया. कहा कि क्षेत्रीय भाषा हो की किताबें न तो लाइब्रेरी में उपलब्ध हैं और न ही बाजार में.

# सेरसा चक्रधरपुर ने मिश्रीलाल जैन ग्रुप को किया पराजित

**संवाददाता । चाईबासा**

झारखंड राज्य क्रिकेट संघ के तत्वावधान में पश्चिमी सिंहभूम जिला क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित अंतर संस्थानिक लीग के अंतर्गत बुधवार को खेले गए मैच में सेरसा चक्रधरपुर ने मिश्रीलाल जैन ग्रुप चाईबासा को 48 रनों से पराजित कर दिया. सेरसा ने इसमें न सिर्फ पूरे चार अंक हासिल किए, बल्कि अपने दोनों लीग मैच जीतकर आठ अंकों के साथ सुपर डिवीजन में खेलने की पात्रता भी हासिल कर ली. चाईबासा के बिरसा मुंडा क्रिकेट स्टेडियम मैदान पर खेले गए मैच में टॉस मिश्रीलाल जैन ग्रुप के कप्तान सिद्धार्थ राज सिन्हा ने जीता तथा विपक्षी टीम को पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया. पहले बल्लेबाजी करते हुए सेरसा चक्रधरपुर ने निर्धारित बीस ओवर में आठ विकेट खोकर 214 रन बनाए. सबसे अच्छी बल्लेबाजी हेमंत नायक ने की. जिसने मात्र 27 गेंदों का सामना करते हुए तीन चौकों तथा चार छक्कों की मदद से 49 रन बनाए.

## आठवीं बोर्ड में 92% रहा आदर्श स्कूल का रिजल्ट

**चक्रधरपुरः।** झारखंड अधिविद्य काउंसिल द्वारा आठवीं बोर्ड का परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया गया है. चक्रधरपुर के केन्दो पंचायत स्थित आदर्श मध्य विद्यालय देवगांव का परिणाम इस वर्ष 92% रहा. विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक दिलीप कुमार महतो ने बताया कि शैक्षणिक सत्र 2023-24 में विद्यालय के कुल 155 विद्यार्थियों ने काउंसिल द्वारा आयोजित आठवीं बोर्ड परीक्षा में निबंधन कराया था. जिसमें 153 बच्चों ने परीक्षा दी थी. जैक द्वारा जारी किए गए परीक्षा परिणाम में 155 बच्चों में 142 विद्यार्थी उतीर्ण हुए.

# देश में भाजपा जुमलेबाज की सरकार है : दीपक बिरुवा


मयूरभंज में कार्यक्रम को संबोधित करते मंत्री दीपक बिरुवा.

**संवाददाता । चाईबासा**

**की अपील**
- मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन एवं मंत्री दीपक बिरुवा ने किया संबोधित
- झामुमो प्रत्याशी अंजली सोरेन के पक्ष में मतदान की अपील की

झारखंड के मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने कहा कि देश में संविधान खतरे में है. हमारी हक, अधिकार और संविधान को बचाए रखने के लिए झामुमो प्रत्याशी की जीत सुनिश्चित करना जरूरी है. देश में भाजपा जुमलेबाज की सरकार है.

इन जुमलेबाजों के झांसे में नहीं आना है. उन्होंने मयूरभंज लोकसभा के प्रत्याशी के पक्ष में वोट करने की अपील करते हुए मयूरभंज में एक चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे. मंत्री दीपक बिरुवा ने अपनी हक, अधिकार एवं देश की संविधान को बचाए रखने के लिए मयूरभंज लोकसभा की झामुमो प्रत्याशी अंजली सोरेन के पक्ष में वोट करने की अपील की.

# चक्रधरपुर में तपती गर्मी से बेहाल हुए लोग, पारा पहुंचा 43 डिग्री

**संवाददाता । चक्रधरपुर**



तपती व भीषण गर्मी से लोग परेशान हैं. तपिश भरी गर्मी के कारण लोगों का सड़कों पर निकलना मुश्किल हो गया है. बुधवार दोपहर चक्रधरपुर का तापमान 43 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया. पिछले तीन-चार दिनों से बढ़ी गर्मी के कारण सबसे ज्यादा परेशानी रोजाना कमाने-खाने वाले रिक्शा चालक, ठेला चालक व मजदूरों को हो रही है.

सुबह नौ बजते ही सूर्य की तपिश लोगों को झुलसा देने वाली जैसी हो गई है. चिलचिलताी धूप के कारण सड़कों पर भी सन्नाटा पसर रहा है. अत्यधिक जरुरत के काम से ही लोग घरों से बाहर निकल रहे हैं. बुधवार दोपहर में सड़कों पर बाहर निकलने वाले चेहरों को कपड़े से ढंककर, टोपी व छाता का इस्तेमाल करते दिखे. लू के थपेड़ों से हर कोई परेशान नजर आया. साथ ही गर्मी से बचने के लिए कोल्ड ड्रींक, लस्सी, शर्बत इत्यादि की दुकानों पर लोग पहुंच रहे हैं. वहीं गर्मी बढ़ने के कारण बच्चों व बुजुर्गों के सेहत पर भी असर पड़ रहा है. लोगों का कहना है कि अगर दो-तीनों के भीतर अगर बारिश नहीं हुई और भीषण गर्मी से राहत नहीं मिली तो जीना मुश्किल हो जाएगा.

### बेवजह घर से न निकलें लोग, भरपूर पानी पीयें: डॉ. अंशुमन

इधर बढ़ती गर्मी को लेकर चक्रधरपुर अनुमंडल अस्पताल के चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. अंशुमन शर्मा ने लोगों को गर्मी से सतर्क रहने की बात कही है. उन्होंने कहा कि बेवजह धूप में लोग घर से न निकलें. अगर जरुरत के काम से लोग घरों से बाहर निकलते भी हैं तो गमछा या टोपी का प्रयोग अवश्य रुप से करें. साथ ही भरपूर मात्रा में पानी पीयें. उन्होंने तेज धूप में घर से बाहर निकलने वाले लोग कभी भी खाली पेट घर से न निकलें. वहीं अगर गर्मी से किसी व्यक्ति की तबीयत बिगड़ती है तो तत्काल अनुमंडल अस्पताल में आकर निःशुल्क इलाज करायें. अस्पताल की ओर से निःशुल्क ओरआएस पाउडर इत्यादि भी दिये जा रहे हैं.

# किरीबुरु-मेघाहातुबुरु का तापमान 40 डिग्री तक पहुंचा

**संवाददाता । किरीबुरु**

एशिया का सबसे बड़ा साल जंगल सारंडा की सबसे ऊंची चोटी पर बसा किरीबुरु-मेघाहातुबुरु शहर में पहली बार तापमान 40 डिग्री तक पहुंच गया है. इस भीषण गर्मी की वजह से आम जनता के साथ-साथ वन्यप्राणी व पालतू जानवर तक परेशान व त्रस्त हैं. लोगों को समझ में नहीं आ रहा है कि आखिर वह जायें तो कहां जायें, क्यों किरीबुरु में अन्य क्षेत्रों की अपेक्षा फिर भी गर्मी काफी कम है.

निरंतर बढ़ते तापमान और घटते जलस्तर से लौहांचल एवं सारंडा के गांवों में रहने वाले लोग खतरे में हैं. हम स्वयं के साथ-साथ खदान प्रबंधनों, सरकार और वन विभाग की गलत नीतियों की वजह से जानबूझ कर उस रास्ते की तरफ कदम बढ़ा रहे हैं, जहां हमारी और मौत की दूरी समाप्त हो जायेगी. न चाहते हुए भी हम वातावरण में आने वाले हर उस परिवर्तन का सामना कर रहे हैं जो आने वाले विनाश की चेतावनी मात्र है. जब सारंडावासी अचरज से कहते हैं कि इतनी गर्मी पहले कभी नहीं देखी, तो हम उनकी बात मखौल में उड़ा देते हैं. किन्तु उनका अनुमान शत प्रतिशत सही है. वैज्ञानिक स्वयं मान रहे हैं कि भूमिगत जल का स्तर घट रहा है.

वातावरण में तापमान की निरंतर वृद्धि हो रही है. पृथ्वी पर पर्याप्त मात्रा में वृक्ष नहीं होने के कारण ऐसी गैसें बढ़ रही हैं, जो पृथ्वी को गरम कर देती हैं. क्लोरोफ्लोरो कार्बन अर्थात सीएफसी, मीथेन व नाइट्रोजन आक्साइड सरीखी विषैली गैसें बढ़ रही हैं. इस हालात से बचने के लिए जनमानस में चेतना का संचार आवश्यक है ताकि वृक्षों की अंधाधुंध कटाई को रोका जा सके. अधिक से अधिक वृक्ष लगाना मनुष्य का लक्ष्य होना चाहिए न कि काटना. अपनी धरती को अपमानित करने वाला मानव तमाम मूर्खताओं व कुकृत्यों के बावजूद प्रकृति को मां कह कर संबोधित करता है.

**आस्था**

### सुबह चार बजे हुआ माता की प्रतिमा का विसर्जन, माता के लगे जयकारे

# प्रतिमा विसर्जन के साथ पांच दिवसीय माता पूजा संपन्न

**संवाददाता । चक्रधरपुर**


विसर्जन जुलूस के दौरान माता की प्रतिमा को सिर पर लेकर चलते भक्त.

**माता शीतला**
- शीतला मंदिर के पंडाल से निकला विसर्जन जुलूस
- हल्दी से बनाई गई थी माता शीतला की प्रतिमा

चक्रधरपुर के लोको कॉलोनी में स्थापित पांच दिवसीय माता पूजा माता की प्रतिमा विसर्जन के साथ संपन्न हो गया. बुधवार अहले सुबह लगभग चार बजे चक्रधरपुर के बालाजी मंदिर के समीप स्थित तालाब में हल्दी से बनी माता की प्रतिमा विसर्जन किया गया.

जहां लोगों ने नम आंखों से माता को विदाई दी. इसके पहले मंगलवार रात लगभग साढ़े आठ बजे लोको कॉलोनी स्थित शीतला मंदिर के पूजा पंडाल से माता का भव्य विसर्जन जुलूस निकाला गया. जहां पूरे रास्ते माता के जयकारे लगे. इस दौरान श्रद्धालु माता की प्रतिमा को सिर पर रखकर चल रहे थे. विसर्जन जुलूस लोको कॉलोनी से निकलकर पोर्टरखोली, चांदमारी रोड, संतोषी मंदिर रोड, तम्बाकू पट्टी, बाटा रोड, पवन चौक, रेलवे ओवर ब्रिज होते हुए भारत भवन के समीप से मुड़कर रेलवे स्टेशन जाने वाले रोड से रनिंग रुम होते हुए हरिजन बस्ती रोड होते हुए इतवारी बाजार, प्रेम निवास होते हुए बालाजी मंदिर के समीप तालाब पहुंची. जहां लगभग चार बजे अहले सुबह प्रतिमा का विधिविधान के साथ विसर्जन किया गया.

इस पूरे रास्ते को तय करने में लगभग नौ घंटे का समय लग गया. इस वर्ष प्रतिमा विसर्जन में पिछले वर्षों की तुलना में देरी हुई. विसर्जन जुलूस के दौरान श्रद्धालु ढपली की धुन पर थिरकते हुये चल रहे थे.

विसर्जन जुलूस को लेकर एएसपी पारस राणा, थाना प्रभारी राजीव रंजन मोर्चा गशत करते दिखे. वहीं जगह-जगह पुलिस जवानों की तैनाती की गई थी. इस दौरान पूरे रास्ते श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या में भीड़ उमड़ी. माता शीतला की प्रतिमा विसर्जन जुलूस के दौरान पूरे रास्ते जगह-जगह नीम डाल से तोरण द्वार बनाये गये थे. चक्रधरपुर के तम्बाकू पट्टी रोड, पवन चौक, इतवारी बाजार, प्रेम निवास समेत अन्य जगहों पर आकर्षक तोरण द्वार बनाये गये थे.

# चुनाव ड्यूटी में कर्मियों को अपना पैसा लगा कार्य करना पड़ रहा है!

**शैलेश सिंह । किरीबुरु**

चुनाव ड्यूटी के लिए बैंक और सरकारी कर्मचारियों को प्रशिक्षण पर प्रशिक्षण दिया जा रहा है, लेकिन प्रशिक्षण स्थल तक जाने के लिए वाहन की व्यवस्था नहीं की जाती है. उन्हें इसके लिए कोई भत्ता तक नहीं मिलता है. चुनाव व मतगणना कार्य में लगाये गये माईक्रो आब्जर्वर व अन्य सरकारी पदाधिकारी और कर्मचारी इससे परेशान हैं.

उल्लेखनीय है कि सिंहभूम संसदीय सीट के लिये 13 मई को हुए चुनाव से पूर्व बैंक व अन्य सरकारी पदाधिकारियों व कर्मचारियों को बतौर माइक्रो आब्जर्वर या अन्य के रुप में दो-तीन बार प्रशिक्षण के लिए चाईबासा बुलाया गया.

13 मई को विभिन्न बूथों पर शांतिपूर्ण मतदान कार्य सम्पन्न कराने के लिए मतदान कार्य में लगाया गया. ये सरकारी कर्मी जिला मुख्यालय चाईबासा से लगभग 100 किलोमीटर दूर किरीबुरु, गुआ, नोवामुंडी के अलावा बंदगांव, कराईकेला, चक्रधरपुर, आनंदपुर, मनोहरपुर आदि क्षेत्र के थे. दो-तीन बार प्रशिक्षण और एक बार चुनाव ड्यूटी के एवज में इन्हें अब तक मात्र एक-एक हजार रुपया उनके खाते में भेजा गया है. अब चार जून को होने वाले मतगणना कार्य में इन्हें लगाया जाएगा. इसके लिये 25 मई को चाईबासा में एक बार प्रशिक्षण के लिए बुलाया जा चुका है, जबकि 30 मई, 3 जून को और प्रशिक्षण के लिए बुलाये जाने के अलावा 4 जून को मतगणना कार्य में लगाया जाना है. इस सभी कार्य के लिए इन्हें कितना पैसा मिलेगा यह तो पता नहीं है, लेकिन चर्चा यह है कि पुनः उनके खाते में एक हजार रुपये से संभवतः अधिक नहीं भेजा जाये. सरकारी कर्मचारियों व अधिकारियों ने बताया कि जिला मुख्यालय से दूर अपने-अपने बैंकों से चाईबासा जाने-आने में एक बार में कम से कम दो-तीन हजार रुपया वाहन भाड़ा खर्च हो जाता है. पूरे चुनाव कार्य में यह वाहन खर्च 15-20 हजार रुपये (दूरी के अनुसार) हो जायेगा.

